# अनुक्रमणिका


| | |
|---|---|
| 1. अनुक्रमणिका | 01 |
| 2. सूचना एवं कार्यसूची | 02 |
| 3. हमारे लक्ष्य | 03 |
| 4. दृष्टि 2030 | 04 |
| 5. संस्थाध्यक्ष की कलम से | 05 |
| 6. वार्षिक रिपोर्ट | 07 |
| 7. एम.सी. गुप्ता कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट रिपोर्ट | 26 |
| 8. महाविद्यालय का वार्षिक आय-व्यय विवरण | 29 |
| 9. विद्यार्थियों की संख्या | 35 |
| 10. प्राध्यापक एवं अन्य स्टॉफ विवरण | 38 |

# सूचना

हिन्दी महाविद्यालय समिति की साधारण सभा मंगलवार दिनांक 26/09/2023 को मध्याह्न 4 बजे महाविद्यालय में संस्थाध्यक्ष श्री सी.ए. लक्ष्मीनिवास शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित होगी, जिसमें निम्न विषयों पर विचार-विमर्श और निर्णय लिया जाएगा। इस बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

विषय सूची

1. गत बैठक की कार्यवाही स्वीकृत करना।

2. हिन्दी महाविद्यालय की वर्ष 2022-2023 की वार्षिक रिपोर्ट की स्वीकृति।

3. महाविद्यालय का वर्ष 2022-23 का आय-व्यय विवरण स्वीकृत करना।

4. महाविद्यालय के लेखा-परीक्षक की नियुक्ति वर्ष 2023–24 के लिए

5. वर्ष 2023-2026 के लिए कार्यकारिणी तथा पदाधिकारियों का चुनाव

6. Amendments to Rules & Regulation of Association.

A. Composition of General Body Clauses;-Amendments

Clause 2 : Patron is one who contributes a sum of Rs. 1,01,000 के स्थान पर Rs. 2,01,000 किया जाए,

Clause 3 : A Fellow is one who contributes a sum of Rs. 51,000 के स्थान पर Rs. 1,01,000 किया जाए,

Clause 4 : Life Members is one who contributes Rs. 21,000/ के स्थान पर Rs. 51,000 किया जाए।

**B. New Additional Clause 6** (After Clause 5 and before Composition of managing committee)
in case, President in office completes his/her age of 80 years he/she may be Nominated as President Emerities.
In case, any founder members, who is a office bearer completes his/her age of 80 years May be Nominated as Advisor, they will retain their position as Founder Members and Managing Committee Member.
They will be premanent invitee to All the managing Committee meetings in their capacity as President Emerities or Advisors.

7. अन्य विषय - अध्यक्ष की अनुमति से-

हैदराबाद

शीलकुमार जैन
मानद मंत्री

दिनांक : 04-09-2023

# हमारे लक्ष्य

01) उत्कृष्ट बुनियादी सुविधाओं और अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं तथा उष्मायन केंद्रों का निर्माण करना।

02) अभिनव शिक्षाशास्त्र और शिक्षा सुधारों को माध्यम से छात्र केंद्रित शिक्षा ग्रहण करने का परिवेश प्रदान करना।

03) सहयोग और विस्तार गतिविधियों के माध्यम से अनुसंधान और उद्यमिता को प्रोत्साहित करना।

04) उद्योग संस्थान की भागीदारी को बढ़ावा देना और नवाचार तथा विकास के लिए ज्ञान साझा करना।

05) महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ज्ञान और वृद्धि के लिए समाज विकास कार्यक्रम आयोजित करना।

06) युवाओं के बीच नेतृत्व गुणों को बढ़ाने और व्यक्तित्व लक्षणों को समृद्ध करने के लिए देशभक्ति और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना।

# Our Mission

1. To create excellent infrastructure facilities and state-of-the-art laboratories and incubation centers.

2.To provide student-centric learning environment through innovative pedagogy and education reforms.

3. To encourage research and entrepreneurship through collaborations and extension activities.

4. To promote industry-institute partnership and share knowledge for innovation and development.

5. To organize society development programs for knowledge for innovation and development.

6. To organize society development programs for knowledge enhancement in thrust areas.

7. To enhance leadership qualities among the youth and enrich personality traits, promote patriotism and moral values.

# दृष्टि 2030

हिन्दी महाविद्यालय वैश्विक मानकों में उच्च शिक्षा के माध्यम से नेतृत्व गुणों, नैतिक मूल्यों, अनुसंधान संस्कृति और नवीन कौशल के साथ उत्कृष्ट मानव संसाधन विकसित करके एक अभिनव संस्थान बनने की इच्छा रखता है।

1. उत्कृष्ट बुनियादी सुविधाओं अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और ऊष्मायन केंद्रों का निर्माण करने में सक्षम है।
2. अभिनव शिक्षा शास्त्र और शिक्षा सुधारों के माध्यम से छात्रों को केंद्र में रखते हुए सीखने का परिवेश प्रदान करना ओर रोजगार में वृद्धि करना।
3. सहयोग और विस्तार गतिविधियों के माध्यम से अनुसंधान और उद्यमिता को प्रोत्साहित करना तथा प्रोद्योगिकी अनुप्रयोग को प्रोत्साहित करना।
4. औद्योगिक संस्थानों की साझेदारी को बढ़ावा देना तथा नवाचार और विकास के लिए ज्ञान साझा करना।
5. महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ज्ञान वृद्धि के लिए समाज विकास संबंधी कार्यक्रम आयोजित करना।
6. युवाओं में नेतृत्व की गुणवत्ता बढ़ाने और व्यक्तित्व गुणों को समृद्ध करने तथा देशभक्ति और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने में तत्पर करना।
7. संस्था और समुदाय में नैतिकता की भावना विकसित करना तथा इन्हें समाज और राष्ट्र के लिए अपने दायित्वों के प्रति जागरुक बनाना।
8. प्रतिस्पर्धी तरीके से उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और अन्य सेवाएँ प्रदान करने और राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने के लिए वैश्वीकरण की चुनौतियों को स्वीकार करना।



श्री सी.ए. लक्ष्मीनिवास शर्मा

अध्यक्ष

# संस्थाध्यक्ष
# की कलम से ...

मान्यवर, महोदय

सभी हिन्दी प्रेमियों को नमस्कार,

सर्व प्रथम हिन्दी महाविद्यालय समिति के पदाधिकारी तथा कार्यकारिणी का आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने पूर्व अध्यक्ष श्री कमलनारायणजी अग्रवाल के स्वास्थ्य के कारण अध्यक्ष पद से त्याग पत्र देने के कारण जो स्थान रिक्त हुआ उस पर मुझे अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से चुना गया। सन 2000 से मैं इस संस्था में मंत्री पद पर कार्य करता रहा। 23 वर्ष में NAAC के 4th cycle तथा Autonomous के 2nd cycle पूर्ण हुए। मेरे अध्यक्ष पद पर चुने जाने के कारण मानद पद के रिक्त स्थान पर श्री शीलकुमार जैन को चुना गया। श्री शीलकुमार जैन कई वर्षों से कार्यकारिणी के सदस्य रह चुके हैं।

आपको सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि NAAC के 4th cycle में महाविद्यालय को बी ग्रेड प्राप्त हुआ। इस cycle में प्राय: Teaching एवं Non-Teaching अधिकतर स्टाफ के लिए यह पहला अवसर था NAAC के Inspection का भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन कर A Grade लाने का प्रयास करेंगे। वर्ष 2023-24 में Autonomy का भी Inspection तथा नवीनीकरण होना है। आशा है वहाँ हम सफल होंगे।

हिन्दी महाविद्यालय का Registration मिनिस्ट्री ऑफ कार्पोरेट अफेअरस में कार्पोरेट सोशियल रेंस्पान्सीबीलीटी (CSR) में किया गया तथा अभी तक विजय टेक्सस्टाइलस से करीब 13 लाख, आईसीआईसीआई फाउंडेशन से करीब 22-75 लाख तथा वीएसटी इंड्रस्ट्रीज से 2 करोड़ का Commitment जिसमें से करीब 70 लाख प्राप्त हो चुके। इनका उपयोग Infrastruture में किया गया तथा काम अभी जारी है। कॉलेज में Digital Board एंव स्मार्ट बोर्ड भी लगाए गए।

ओपन स्टेडियम के 3 मंजिला भवन पर कक्षाओं का निर्माण हुआ उस पर Finishing, Furniture तथा Equipment कार्य जारी है। यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि हमारे विद्यार्थी खेल प्रतियोगिताओं में भी अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे है।

बी.बी.ए. के छात्र वी. लोकेश तथा सुश्री एस. के. नाजिया ने तलवारबाजी में अंडर-17 में भारत का प्रतिनधित्व किया एवं लंदन में स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक प्राप्त किया। वे बधाई के पात्र हैं। इसके अतिरिक्त कॉलेज की छात्रा सी.एच. रितिशा तथा गुर्रम प्रणति ने भी इंटर कॉलेज तथा ड्रिस्टिक्ट स्पोर्ट्स में सफलता प्राप्त की।

हमारे एनसीसी तथा एनएसएस के छात्रों ने यश प्राप्त किया। छात्र हरिओम पांडे ने दिल्ली की गणतंत्र दिवस की परेड में तेलंगाना का प्रतिनिधित्व किया।

MC Gupta College Business Management जो प्रारंभ से JNTUH से Affiliated है, जबकी हमारे दूसरे सभी विषय उस्मानिया विश्वविद्यालय से संबंद्ध है। समिति ने निर्णय लिया है कि एमबीए को भी उस्मानिया विश्वविद्यालय से संबंद्ध करवाया जाए। जिसके लिए Osmania University तथा JNTUH No Objectionसे प्राप्त होना था। उस्मानिया विश्वविद्यालय से प्राप्त हुआ पत्र अभी जेएनटीयू से आना शेष है। यह हो जाने से हमारे सारे कोर्स उस्मानिया विश्वविद्यालय से ही संबंद्ध रहेगा तथा सुविधा रहेगी।

एम.सी. गुप्ता कॉलेज की प्राध्यापिका श्रीमती प्रीती प्रेमराज भाला को इस वर्ष पी.एचडी की उपाधी प्राप्त हुई। हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक प्राध्यापक पी.एचडी की उपाधि प्राप्त करें एवं केयर टेकर श्री संजय कुमार को भी हिन्दी विषय में पी.एचडी प्राप्त हुई। नई शिक्षा नीति के अनुसार कॉलेज समूह (Cluster) पद्धति पर विशेष स्थान दिया गया है। उसके अनुसार कॉलेजों के एक समूह का निर्माण किया है, जिसमें हिन्दी महाविद्यालय अतिरिक्त बद्रुका ग्रुप ऑफ कॉलेज, मारवाड़ी शिक्षा समिति ग्रुप ऑफ कामर्स, अग्रवाल शिक्षा समिति ग्रुप ऑफ कॉलेज एवं विवेक वर्धनी ग्रुप ऑफ कॉलेज का समावेश हुआ। इससे आपसी संपर्क बढ़ेगा तथा कॉलेज एक-दूसरे की शैक्षिक सुविधा तथा अन्य सुविधाओं में आपस में मिलकर कार्यकर विद्यार्थियों तथा प्राध्यापकों की उन्नति की ओर अग्रसर होगा।

-सी.ए. लक्ष्मीनिवास शर्मा



श्री शीलकुमार जैन
मानद मंत्री

# हिन्दी महाविद्यालय

# वार्षिक रिपोर्ट 2022-23

मान्यवर महोदय,
सभी हिन्दी प्रेमियों को सादर नमस्कार

सर्व प्रथम हिन्दी महाविद्यालय समिति के पदाधिकारी तथा कार्यकारिणी सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूँ, श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा जी को अध्यक्ष पद पर चुने जाने के कारण मंत्री पद के रिक्त स्थान पर मुझे मानद मंत्री के पद पर सर्वसम्मति से चुना गया, मैं कई वर्षो से कार्यकारिणी के सदस्य रूप में कार्य कर रहा हूँ।

महाविद्यालय का विशाल भवन और विस्तृत परिसर सभी के लिए आकर्षण का केंद्र है। महाविद्यालय में अनेक संसाधन एवं सुविधाएँ उपलब्ध है। शैक्षणिक गतिविधियों से इतर विभिन्न कार्यक्रम और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी समय-समय पर आयोजन किया जाता है। विद्यार्थियों की आंतरिक प्रतिभा को उभारने के लिए नई शिक्षण तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है।

आपकी सेवा में हिन्दी महाविद्यालय की वर्ष 2022-2023 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है। वर्ष का आय-व्यय विवरण निम्न प्रकार है।

## कार्य विवरण

वर्ष 2022-23 संस्था की आय-व्यय का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है।

| | 31-3-2022 | 31-3-2023 |
|---|---|---|
| कुल आय | 3,63,46,488 | 4,06,24,863 |
| कुल व्यय | 2,65,88,252 | 2,63,63,434 |
| कुल शुद्ध बचत | 97,58,236 | 1,42,61,429 |

वर्ष की बचत को समिति के कार्पस फंड में जमा किया गया है।

## महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाएँ

### 1. एच.एम. वी. गर्ल्स हॉस्टल

28 जनवरी 2007 में प्रारंभ किया गया यह हॉस्टल महाविद्यालय एवं अन्य छात्राओं को उच्च स्तरीय सुविधाएँ प्रदान कर रहा है। इस समय महाविद्यालय की 19 छात्राएँ तथा 32 अन्य छात्राएँ इस सुविधा का लाभ उठा रही हैं।

### 2. एच.एम.वी. बॉयज हॉस्टल

महाविद्यालय परिसर में निर्मित आउट डोर स्टेडियम के निचले भाग में सभी सुविधाओं से बॉयज हॉस्टल का निर्माण किया गया है।

### 3. इंटरनेट

हिन्दी महाविद्यालय में इंटरनेट के तीन हाई स्पीड कनेक्शन लिए गए हैं।

### 4. एन.सी.सी.

महाविद्यालय में करीब 3 दशकों से इन सेवाओं को निरंतर प्रदान किया जा रहा है। लगभग प्रत्येक वर्ष यहाँ के कैडेट अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन द्वारा महाविद्यालय का गौरव बढ़ा रहे हैं। विस्तृत रूप से इनके कार्यों की रिपोर्ट गतिविधियों में आगे प्रस्तुत की गई है।

### 5. एन.एस.एस.

महाविद्यालय में करीब 3 दशकों से इन सेवाओं को निरंतर प्रदान किया जा रहा है। सामुदायिक योजनाओं में एन.एस.एस. के छात्र-छात्राओं ने समाजोपयोगी कार्यों में अपनी भागीदारी सफलता पूर्वक निभाई है।

### 6. अभिभावक शिक्षक बैठक

अभिभावक शिक्षक बैठक इस वर्ष भी आयोजित की गई। अभिभावकों तथा छात्रों ने इस बैठक में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। यह बैठक हर माह के तीसरे सप्ताह में शनिवार को होती है।

### 7. क्रिकेट कोचिंग अकादमी

वर्ष 1997-1998 में स्थापित इस अकादमी ने अपने दो दशक पूर्ण कर लिए हैं। प्रति माह 60 युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। यहाँ के विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर भी अपना लोहा मनवा चुके हैं। इनमें प्रमुख हैं। रजनी ट्रॉफी स्पर्धा में भाग लेने वाले आई प्रज्ञ रेड्डी, प्रतिक रेड्डी, एमएसआर चरण, साउथ जोन उस्मानिया इंटर यूनिवर्सिटी-दर्श मोहनलाल, प्रवण, चरण, सात्विक। अंडर-25 वंशी, स्मिथ। अंडर-19 अवनेश, श्रीनिकेत, असफान। अंडर-16 राहुल कार्तिकिय, लक्षण। अंडर-15 महिला : आस्था शर्मा।

### 8. पुस्तकालय

महाविद्यालय के विशाल पुस्तकालय में करीब 40,601 पुस्तकें उपलब्ध हैं। इस वर्ष पुस्तकालय का डीजिटेलाईजेशन भी लगभग पूर्ण हो चुका है।

## 9. कंप्यूटर लैब

हिन्दी महाविद्यालय वाणिज्य विभाग में 30, अंग्रेजी लैब में 20, कंप्यूटर साइंस में 30, सांख्यीकी मैनेजमेंट 78, कार्यालय में 30 कंप्यूटर की व्यवस्था है। कुल मिलाकर 188 कंप्यूटर हिन्दी महाविद्यालय में उपलब्ध हैं।

## 10. प्रवेश एवं विद्यार्थियों की संख्या

वर्ष 2021-2022 में इंटर, स्नातक तथा स्नातकोत्तर के कुल 1,055 विद्यार्थियों अध्ययन कर रहे थे।

## 11. परीक्षा विभाग

महाविद्यालय के स्वायत्त होने के कारण नियमानुसार पृथक परीक्षा विभाग का होना अनिवार्य है। विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार प्रश्न पत्र बनवाना, मूल्यांकन एवं सुचारू रूप से परीक्षाओं का संचालन कर उस्मानिया विश्वविद्यालय की स्वीकृति के पश्चात् ही परिणाम घोषित किया जाता है।

## 12. सौर ऊर्जा की व्यवस्था

बिजली व्यय कम करने के उद्देश्य से एवं ग्रीन ऊर्जा प्राप्त करने हेतु महाविद्यालय में इसका प्रबंध कुछ सीमा तक कर लिया गया है। संयंत्र भलीभांति प्रकार से कार्य कर रहा है।

## 13. बोर्ड ऑफ स्टडीज़

स्वायत्तता प्राप्ति के पश्चात महाविद्यालय के सभी विभाग स्वतंत्रता पूर्वक बोर्ड ऑफ स्टडीज़ में पाठ्यक्रम के साथ कौशल तथा रोजगार उन्मुख परिवर्तन करने का प्रयास कर रहे हैं एवं इंडस्ट्रियल पार्टनर के साथ विचार-विमर्श कर उनकी राय को आत्मसात करते हुए उसको भी परिवर्तनानुसार पाठ्यक्रम में रखने का प्रयास कर रहे हैं।

## 14. व्याख्यान सेमिनार एवं अन्य कार्यक्रम

महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत समय-समय पर विभिन्न विषयों में अतिथि व्याख्यान, सेमिनार एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। महामारी के इस काल में समयानुसार एवं सुविधानुसार वेबिनार (तरंग संगोष्ठियों) का भी सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इन सबका पृथक विवरण दिया गया है। विद्यार्थियों की कुल संख्या, कार्यरत प्राध्यापक एवं कर्मचारी तथा परीक्षा परिणाम पृथक रूप से दिए गए हैं।

## 15. महाविद्यालय में नए भवन का निर्माण

महाविद्यालय में इस वर्ष एक नए भवन का निर्माण स्टेडियम के ऊपरी भाग में करीब 32000 एसएफटी का हुआ है। इसमें कुल 33 कक्षाओं तथा स्टॉफ रूम की व्यवस्था है। सिविल कन्सट्रक्शन का कार्य पूर्ण हो चुका है। रेस्ट रूम के अतिरिक्त बिजली, पानी की व्यवस्था अभी शेष है।

# महाविद्यालय में आयोजित गतिविधियाँ

## हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन

दिनांक 14 सितंबर 2022 को हिन्दी महाविद्यालय में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथिवक्ता के रूप में हिन्दी साहित्य के प्रतिष्ठित कवि डॉ.अनंत काबरा उपस्थित हुए। हिन्दी महाविद्यालय समितिके पदाधिकारी-उपाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा, कार्यदर्शी श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा, कोषाध्यक्ष श्रीएस. बी. काबरा, प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल, उप-प्राचार्य श्रीमती अश्विनी सनपूरकर, डॉ. बी.श्रीदेवी, अध्यापक एवं छात्र उपस्थित थे।

## तेलंगाना राज्य एकता दिवस संपन्न

तेलंगाना सरकार के निदेशानुसार, हिंदी महावद्यिालय में 17, सितंबर को तेलंगाना राज्य एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डॉ अविनाश जायसवाल द्वारा ध्वजा रोहण किया गया। इस अवसर पर उप प्राचार्य श्रीमती अश्वनी सनपुरकर, प्राध्यापकगण, विद्यार्थी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

विश्व स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय तेरापंथी युवक परिषद एवं लाइंस क्लब आफ हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में विश्व के सबसे बडे.रक्तदान अभियान के अंतर्गत रक्तदान शिविर आयोजित किया जिसमें हिंदी महाविद्यालय समिति के सदस्य श्री शील कुमार जैन एवं डॉ. चंद्र प्रकाश चौहान के साथ व्यक्तियों ने भाग लिया, इस अभियान में बडी संख्या में हिंदी महाविद्यालय के प्राध्यापकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने रक्तदान किया।

## राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान

राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा आज दिनांक 9 सितंबर को भारतीय लोकतंत्र में चनुाव का महत्व विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें अतिथि वक्ता के रूप में पी. दिव्या असिस्टेट प्रोफेसर तेलंगाना महिला विश्व विद्यालय कोठी उपस्थित थी। इस कार्यक्रम में हिन्दी महाविद्यालय समिति के मानदमंत्री श्रीलक्ष्मीनिवास शर्मा, प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल, उपप्राचार्य द्वय श्रीमती अश्विनी सनपूरकर, डॉ. बी.श्रीदेवी, विभागाध्यक्ष राजनीतिशास्त्र डॉ. ज्योति श्रीवास्तव, अर्चना पांडेय, श्री वकीलपांडेय, डॉ. रजनीधारी, श्रीसी.पी. सिंह, डॉ. जयलक्ष्मी, डॉ. पुष्पावल्ली, श्रीमती अर्चनासिंह, श्री कन्हैया कुमार आदि अध्यापक एवं छात्र उपस्थित थे। व्याख्यान में संविधान निर्माण, मतदान के प्रारंभ एवं महत्व पर सारगर्भित व्याख्यान हुआ। प्रश्नोत्तर आनंद बी.ए.द्वितीय वर्ष के छात्र द्वारा पूछे गए प्रश्न का उचित समाधान मिला।

## राष्ट्रीय एकता दिवस संपन्न

17 सितंबर को केंद्र सरकार एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के आदेशानुसार सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर प्राप्त: एनसीसी एवं एनएसएस द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया, जो महाविद्यालय प्रांगण से आरंभ होकर बरकतपुरा होकर वापस महाविद्यालय पहुँची। तत्पश्चात एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उस्मानिया विश्वविद्यालय के तेलुगु विभाग के भूतपूर्व अध्यक्ष प्रो. कसिरेड्डी वेंकट रेड्डी जी उपस्थित हुए, उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी एवं हैदराबाद स्टेट में उनके द्वारा की गई कार्यवाही का महत्व समझाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यदि सरदार वल्लभ भाई पटेल नहीं होते आज स्थानीय स्थितियाँ ऐसी नहीं होती। कार्यक्रम में भारी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## महाविद्यालय में अनुवाद तथा परामर्श केंद्र का उद्घाटन

हिन्दी महाविद्यालय में दिनांक 29 नवंबर को समिति के मानंद मंत्री श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा के कारकमलों द्वारा अनुवाद तथा परामर्श केंद्र का उद्घाटन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सम्मानीय अतिथि के रूप में उस्मानिया विश्वविद्यालय की हिन्दी विभागाध्यक्ष तथा बीओएस चेयरमैन डॉ. डब्ल्यू. मायादेवी उपस्थित थी। हिन्दी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अविनाश जयसवाल ने सभी को महाविद्यालय के इतिहास से परिचित कराते हुए अनुवाद तथा परामर्श केंद्र की महत्ता को उद्घाटित किया। उपप्रचार्य श्रीमती अश्विनी सनपूरकर तथा डॉ.बी. श्रीदेवी ने सभी को इस उपलक्ष्य में बधाई संदेश दिया।

डॉ. मायादेवी ने अनुवाद तथा परामर्श केंद्र के उद्घाटन के लिए सभी को शुभकामनाएँ दीं। उपाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा ने महाविद्यालय के इतिहास की स्मृतियों को साझा करते हुए भविष्य में अनुवाद केंद्र की उपयोगिता का संदेश दिया। मानदमंत्री श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा ने बड़े ही हर्षपूर्वक अनुवाद केंद्र के उद्घाटन में सम्मिलत होकर महाविद्यालय की अक्षुण्ण प्रतिभा का गौरव सभी को साझा किया। प्राचार्य डॉ. अनिवाश जयसवाल ने भविष्य में नगरद्वय की विख्यात सस्थाओं से अनुवाद केंद्र को जोड़ने का परामर्श दिया।

हिन्दी विभाग के समस्त प्राध्यापकगण डॉ. रजनी धारी (विभागाध्यक्ष), डॉ. जयलक्ष्मी, डॉ. पुष्पवल्ली एवं बालाजी ने अनुवाद तथा परामर्श केंद्र की उपयोगिता और भविष्योंमुक्ता को परिभषित किया। कार्यक्रम में सभी अध्यापकगण उपस्थित थे।

## महाविद्यालय के विद्यार्थियों का क्रीडा में बेहतर प्रदर्शन

29 दिसंबर को विद्यार्थियों ने सिद्ध किया है कि शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी माहिर हैं। विगत दिनों तलवारबाजी में आयोजित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय क्रीडा प्रतियोगिताओं में हिन्दी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न स्तरों पर विजय हासिल की।

हिन्दी महाविद्यालय के विद्यार्थी वी. लोकेश ने लंदन में आयोजित अंडर-17 कैडेट चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किय। वी. लोकेश तलवारबाजी के सीनियर डिवीजन में तेलंगाना राज्य का नेतृत्व करेंगे।

26 एवं 27 नवंबर को डुंडिगल स्थित मरी लक्ष्मण रेड्डी इंस्टीट्यूट में आयोजित इंटर डिस्टिक्ट फेंसिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसका आयोजन तेलंगाना फेंसिंग असोसिएशन द्वारा किया गया। वी. लोकेश को इंटर कॉलेज टूर्नामेंट में भी स्वर्णपदक प्राप्त हुआ है।

हिन्दी महाविद्यालय की छात्रा ने भी क्रीडा जगत में अपना नाम दर्ज किया है। एस. के. नाजिया ने विगत दिनों लंदन में आयोजित फेंसिंग प्रतियोगिता अंडर-17 में भारत का प्रतिनिधित्व किया और दो कांस्य प्रदक प्राप्त किए। एस.के. नाजिया भी तलवारबाजी की तेलंगाना के सीनियर डिवीजन की महिला टीम का नेतृत्व करेंगी। एस.के. नाजिया ने मरीलक्ष्मण रेड्डी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालोजी डुंडीगल में 26 एवं 27 नवंबर को आयोजित इंटर डिस्टिक्ट फेंसिंग चैम्पियनशीप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसका आयोजन भी तेलंगाना फेंसिंग असोसिएशन द्वारा किया गया।

हिन्दी महाविद्यालय की छात्रा गुर्रम प्रणति ने 25 नवंबर को डुंडीगल स्थित मरीलक्ष्मण रेड्डी इंस्टीट्यूट में आयोजित अंडर-18 हैदराबाद डिस्टिक्ट फेंसिंग सेलेक्शन ट्रायल्स में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसका आयोजन हैदराबाद फेंसिंग असोसिएशन द्वारा किया गया। महाविद्यालय की छात्रा सी.एच. रितिशा ने तेलंगाना फेसिंग असोसिएन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें उसे तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उस्मानिया विश्वविद्यालय फिजिकल एजुकेशन विभाग द्वारा गोशामहल ग्राउंड में आयोजित इंटर कॉलेज टूर्नामेंट फार मेन में टी. अरविंद को चौथा स्थान प्राप्त हुआ।

## एन.सी.सी. दिवस समारोह आयोजित

दिनांक 2 दिसंबर को 74वें एन.सी.सी. दिवस का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सूबेदार मेजर प्रदीप कुमार तथा ट्रेनिंग जे.सी.ओ सूबेदार राहेंद्र सिंह उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया तथा समिति पदाधिकारीगण उपाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा, कोषाध्यक्ष श्री एस.बी. काबरा तथा मानद मंत्री श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा ने सभी एन.सी.सी. दिवस की शुभकामनाएँ प्रदान कीं और आशीर्वचन दिए।

कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण के रूप में एन.सी.सी. केडेट्स द्वारा प्रदर्शित सांस्कृतिक कार्यक्रम था। भारत वर्ष अनेकता में एकता का देश है इसी को ध्यान में रखते हुए विभिन्न राज्यों के नृत्यों का प्रदर्शन तथा केडेट्स द्वारा करतब प्रदर्शन किए गए। उपप्राचार्य श्रीमती अश्विनी सनपूरकर तथा डॉ. बी. श्रीदेवी तथा प्राध्यापकण, गैरशिक्षण कर्मचारी तथा छात्र इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। हिन्दी महाविद्यालय में एनसीसी का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके दूसरे शैक्षणिक संस्थानों के भी छात्र इस कार्यक्रम में उपस्थित थे तथा प्रशिक्षण प्राप्त हिन्दी महाविद्यालय पूर्वछात्र केडेट्स भी उपस्थित थे। सभी ने मिलकर एन.सी.सी. का गीत गाया।

## गवर्निंग काऊंसिल की बैठक संपन्न

दिनांक 3 दिसंबर को गवर्निंग काऊँसिल की बैठक का आयोजन किय गया।
उपाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा ने सभा की अध्यक्षता की। सभा में यूजीसी नॉमिनी प्रो. मंजुला राणा, स्टेट गवर्नमेंट नॉमिनी प्रो. यादगिरी, उस्मानिया विश्वविद्यालय अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. आई.डेजी, सदस्य डॉ.

एस.के. जायसवाल, प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल, मानदमंत्री श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा, चेयरमैन एमिरेट्स श्री सुरेंद्र लूणिया, कोषाध्यक्ष श्री एस.बी. काबरा, उप-प्राचार्य श्रीमती अश्विनी सनपूरकर एवं डॉ. बी. श्रीदेवी तथा हिन्दी विभागाध्यक्ष हिन्दी महाविद्यालय सदस्य डॉ. रजनी धारी उपस्थित थे।

बैठक में महाविद्यालय से तथा छात्रों से जुड़े एवं आगामी नैक के चौथे चरण की तैयारी के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। यूजीसी नॉमिनी प्रो. मंजुला राणा तथा स्टेट गवर्नमंट नॉमिनी प्रो. यादगिरी ने प्रदत्त विषयों पर विस्तृत रूप से अपने सुझाव देकर समस्या समाधान किया। चेयरमैन एमिरेट्स श्री सुरेंद्र लूणिया तथा मानदमंत्री श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा जी ने बैठक में सभी समस्याओं का समधान करते हुए महाविद्यालय के उन्नत विकास के लिए सुझाव प्रस्तुत किए। सभा में अनेक विषयों पर चर्चा के साथ सभा समाप्त हुई। सभा के अंत में सभी के प्रति आभार ज्ञापन कोषाध्यक्ष श्री एस.बी. काबरा जी ने किया।

## विद्यार्थियों का खेल जगत में शानदार प्रदर्शन

27 दिसंबर को हिन्दी महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया, जिसमें उप-प्राचार्य श्रीमती अश्विनी सनपूरकर एवं क्रीड़ा विभाग के लेफ्टिनेंट आकाश थापा भी उपस्थित थे।

हिन्दी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने वर्ष 2022 में खेल जगत में शानदार प्रदर्शन किया। जम्मू-कश्मीर में आयोजित अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों में हिन्दी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उस्मानिया विश्वविद्यालय के लिए ख्याति अर्जित की। इन खेलों में हिन्दी महाविद्यालय के छात्र वी. लोकेश ने पहली बार तलावारबाजी में स्वर्ण पदक जीता एवं शेख नाजिया ने  काँस्य पदक जीता। इसके साथ ही यह दोनों खिलाड़ी खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए स्वालीफाइ हुए। जम्मू में आयोजित प्रतियोगिता में 130 विश्वविद्यालयों के लगभग 1100 खिलाड़ियों ने भाग लिया और उस्मानिया विश्वविद्यालय की ओर से खेलते हुए हिन्दी महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने अपना प्रतिभावान प्रदर्शन से उस्मानिया विश्वविद्यालय को ख्याती दिलवाई। उस्मानिया विश्वविद्यालय को आठ साल बाद काँस्य पदक प्राप्त हुआ।

हैडबॉल फेडरेशन ऑफ स्पोट्स एवं तेलंगाना इंडिया से संबंद्ध तेलंगाना हैडबॉल असोसिएशन द्वारा 17 से 19 दिसंबर तक 51 में सीनियर मेन इंटर डिस्ट्रिक्ट हैडबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन किया, जिसमें हैदराबाद डिस्टिक्ट की टीम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इस टीम में 12 सदस्य थे जिसमें से 5 हिन्दी महाविद्यालय के खिलाड़ी है जिनके शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा की गई।

## राष्ट्रीय युवा दिवस संपन्न

12 जनवरी को महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंदजी के जन्मोत्सव के संदर्भ में हिन्दी महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय समिति के मानद मंत्री सीए लीक्ष्मीनिवास शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिन्दी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल ने की। छात्रों की ओर से साई तेजा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन की प्रमुख घटनाओं का विस्तार से वर्णन करते हुए विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि वे भारतीय संस्कृति एवं

सभ्यता का पालन करें एवं उसकी रक्षा, प्रचार एवं प्रसार करें।

हिन्दी महाविद्यालय समिति के मानद मंत्री सीए लक्ष्मीनिवास शर्मा ने अपने उद्बोधन में हर युवा को स्वामी विवेकानंद जीवन से प्रेरणा लेने की बात की और कहा कि प्रत्येक भारतीय विशेषकर युवा वर्ग को कन्या कुमारी स्थित केंद्र में जाकर शांति एवं साधना की अनुभूति करनी चाहिए। हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. रजनीधारी ने अपने संदेश में कहा कि युवा वर्ग को स्वामी विवेकानंद की जीवनी का सर्वांगीण अध्ययन करके अपने विकास में उसको आत्मसात करना चाहिए।

हिन्दी महाविद्यालय की उप-प्राचार्य श्रीमती अश्विनी सनपूरकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलने पर कोई भी युवा अपने मार्ग पर भटक नहीं सकता और अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकता है। प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि स्वामी विवेकानंद की जीवनी से प्रेरणा प्राप्त करके उनके बताए सिद्धांतों का पालन करने से ही स्वामी विवेकानंद को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। इस कार्यक्रम में प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## शिक्षा के क्षेत्र में बौद्धिक ज्ञान का आदान-प्रदान जरूरी : डॉ. अविनाश

18 जनवरी को तेलंगाना राज्य के पहले प्राइवेट कॉलेजों के क्लस्टर की बैठक हिन्दी महाविद्यालय में संपन्न हुई, जिसमें बद्रुका शिक्षा समिति, विवेक वर्धनी शिक्षा समिति अग्रवाल शिक्षा समिति, मारवाडी शिक्षा समिति के संबंद्ध महाविद्यालयें के प्राचार्यों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अग्रवाल शिक्षा समिति की ओर से एस.डी. सिगनोडिया के प्राचार्य डॉ. सी.एच.दलपड़े, मारवाड़ी शिक्षा समिति की ओर से एस.आर. पटवारी, पी.जी. कॉलेज की श्रीमती वी. राधिका, आर.जी. केडिया कॉलेज ऑफ कामर्स के प्राचार्य डॉ. के. श्रीहरी, एम.एस.एस. लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. डी.वी.एन. प्रदीप, आर.जी. केडिया पी.जी. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. श्रीनिवास कुलदीपराय, बद्रुका शिक्षा समिति की ओर से बद्रुका कॉलेज ऑफ आर्टस एंड कामर्स के प्राचार्य डॉ. बी. मोहन कुमार, बंकटलाल बद्रुका कॉलेज ऑफ आई.टी. के प्राचार्य डॉ.डी.वी.एन. एस. मूर्ति, वी.वी. कॉलेज की ओर से प्राचार्य डॉ. विद्याधर ने उनकी शिक्षा समितियों का प्रतिनिधित्व किया। हिन्दी महाविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित इस बैठक में प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल, उप-प्राचार्य श्रीमती अश्विनी सनपूरकर एवं डॉ. बी.श्रीदेवी ने हिन्दी महाविद्यालय समिति का प्रतिनिधित्व किया।

बद्रुका कॉलेज ऑफ आर्टस एवं कमर्स के प्राचार्य डॉ. बी. मोहन कुमार ने कहा कि ये एक सकारात्मक निर्णय है एवं इसके लिए सभी शिक्षा समितियों बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप गठित इस क्लस्टर ऑफ कालेजेस को साकार रूप देने के लिए तेलंगाना सरकार एवं उस्मानिया विश्व विद्यालय का इस संबंध में निर्णय की प्रतीक्षा करना उचित होगा।

अग्रवाल शिक्षा समिति की ओर से से उपस्थित डॉ. सी.एच. दलपड़े ने कहा कि सबसे पहले सभी क्लस्टर कॉलेजों में उपलब्ध कोर्सेस के बारे में जानकारी एक जगह लिखित रूप से एकत्रित की जानी चाहिए एवं प्रबंध समिति से इस संबंध में शैक्षणिक आदान-प्रदान के संबंध में विस्तृत चर्चा की जानी चाहिए।

मारवाड़ी शिक्षा समिति से संबंद्ध महाविद्यालय आर.जी. केडिया ऑलेज ऑफ कामर्स के प्राचार्य डॉ. के. श्रीहरी ने कहा कि छात्रों की शैक्षणिक प्रतिभा को उच्च स्थान पर पहुँचाने के लिए जो भी कदम उठाए जायेंगे उसमें उनका ओर से संपूर्ण योगदान एवं सहयोग दिया जाएगा। मारवाडी शिक्षा समिति से संबंद्ध अन्य प्राचार्यों ने भी उनकी बात

का समर्थन किया।

विवेक वर्धनी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विद्याधर ने कहा कि उनके पास जो भी विषयों की शिक्षा दी जाती है उससे संबंध किसी भी प्रकार के सहयोग एवं आदान-प्रदान के लिए वे तत्पर रहेंगे।

हिन्दी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल ने क्लस्टर ऑफ कॉलेस के गठन की आवश्यकता एवं महत्व के संबंध बताते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बौद्धिक ज्ञान के आदान-प्रदान का आयंत ही महत्वपूर्ण स्थान है एवं क्लस्टर ऑफ कालेजेस के गठन से इन महाविद्यालयों के बौद्धिक ज्ञान के आदान-प्रदान का अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सुगम माध्यम है। उन्होंने तकनीकी रूप से इसके संबंध में स्पष्ट किया है कि अभी ये क्लस्टर अंकुरित हुआ है, इसके पल्लवन एवं पुष्पन में समय लगेगा। विद्यार्थियों को दिए जाने वाले क्रेडिटस के संबंध में उन्होंने बताया कि इस संबंध उस्मानिया विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक से चर्चा करेंगे एवं संभव हो तो अगली बैठक में उनको आमंत्रित भी करेंगे जिससे शंका समाधान संभव है। उपस्थित सभी प्राचार्यों ने विद्यार्थियों, शिक्षकों के बौद्धिक ज्ञान में वृद्धि हेतु वैचारिक आदान-प्रदान के लिए सहमति प्रदान की। इसके अतिरिक्त साहित्यिक एवं सांस्कृतिक एवं खेल-कूद क्षेत्र में भी प्रतियोगिता एवं प्रतिभा का आदान-प्रदान करने पर भी सहमति दी गई। हिन्दी विद्यालय की उपप्रचार्य डॉ. बी. श्रीदेवी ने अतिथियों का स्वागत किया एवं बैठक का संचालन उपप्राचार्य श्रीमती अश्विनी सनपूरकर द्वारा किया गया।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन

24 जनवरी को महाविद्यालय में राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य के संबोधन से हुआ। उन्हौंने सभी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की बधाई देते हुए उसके महत्व को बताया।

तत्पश्चात राजनीति शास्त्र विभागध्यक्ष अर्चना पांडेय ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का महत्व समझाते हुए उन्हें उसके अधिकारों और देश के प्रति कर्त्तव्यों के प्रति जागरुक किया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक देश में अपना प्रतिनिध चुनने का अधिकार जनता के पास होता हैं अत: सभी वयस्क नागरिकों का यह कर्त्तव्य हैं कि वे अपने इस अधिकार का प्रयोग सोच-समझ कर स्वविवेक से करें। नागरिकों द्वारा किए गए उचित मत के प्रयोग से ही देश का भविष्य उज्जवल होगा और देश विकास के पथ पर अग्रसर होगा। इस अवसर पर अर्चना पांडेय द्वारा सभी को प्रतिज्ञाबद्ध भी कराया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल, उप-प्राचार्य डॉ. बी. श्रीदेवी, श्रीमती अश्विनी सनपूरकर, सभी प्राध्यापकगण, एनसीसी अधिकारी आकाश थापा व एनएसएस अधिकारी कन्हैया तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस संपन्न

26 जनवरी को हिन्दी महाविद्यालय में भव्य रूप से गणतंत्र दिवस आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस समारोह में श्री श्याम चांडक, मैनेजिंग ट्रस्टी, श्रीमती बसंती बाई रिलीफ फाउंडेशन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिन्दी महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष एमिरिटस जैन रत्न सुरेंद्र लूणिया द्वारा की गई एवं उपाध्यक्ष एवं भूतपूर्व प्राचार्य श्यामसुंदर मूंदड़ा, कोषाध्यक्ष सीए सतीश काबरा मंच पर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण एवं परेड का निरीक्षण के

साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ।

मुख्य अतिथि ने अपने संदेश में संविधान की संरचना, अनुछेदों के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि संविधान में उल्लेखित नियमों का पालन करना प्रत्येक भारतीय का कर्त्तव्य है। उपाध्यक्ष एवं भूतपूर्व प्राचार्य श्यामसुंदर मूंदड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि संविधान में निहित देश की अखंडता, एकता एवं सहिष्णुता के माध्यम से ही देश की उन्नति संभव है। उन्होंने बताया कि उन्होंने कई परिवर्तन हेतु सरकार को पत्र लिखे है, जिसका प्रत्युत्तर अपेक्षित है। समिति के कोषाध्यक्ष सीए एस. बी. सतीश काबरा ने संविधान सभा के गठन की प्रक्रिया के साथ-साथ संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ.बी.आर. अंबेडकर के अथक प्रयासों, प्रथम राष्ट्रपति एवं संविधान की विभिन्न धाराओं का परिचय दिया।

हिन्दी महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष एमिरेटस जैन रत्न सुरेंद्र लूणिया ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को महाविद्यालय को अपना समझना चाहिए, संविधान में निहित अधिकारों के साथ-साथ कर्त्तव्यों का पालन करते हएु देश के विकास में योगदान देना चाहिए।

प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल के स्वागत भाषण से आरंभ इस समारोह का संचालन पायल हर्ष द्वारा किया गया, उपप्राचार्य डॉ. बी. श्रीदेवी ने वंदना की एवं उपप्राचार्य अश्विनी संपूरकर ने धन्यवाद ज्ञापत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## महाविद्यालय में इंटर कोलेजियट हैंडबॉल चैंपियनशिप सम्पन्न

महाविद्यालय में दिनांक 28 जनवरी को फिजिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट, उस्मानिया यूनिवर्सिटी द्वारा पहली बार इंटर कोलेजिएट चैंपियनशिप के आयोजन किया गया। उन्होने बताया कि इस चैंपियनशिप में उस्मानिया यूनिवर्सिटी से संबद्ध गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन,दोमलगुड़ा,भवनस डिग्री कालेज,सैनिकपुरी, ए.वी.कालेज, दोमलगुड़ा, निजाम कॉलेज, बशीरबाग, हिंदी महाविद्यालय, लोयला अकादमी, अलवाल, उस्मानिया यूनिवर्सिटी कालेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, उस्मानिया यूनिवर्सिटी कैंपस, हाज़ी गौस कॉल फिजिकल एजुकेशन, शामिरपेट की टीमों ने भाग लिया। इसका उद्घाटन उस्मानिया यूनिवर्सिटी ऑफ फिजिकल एजुकेशन के हेड प्रोफेसर राजेश कुमार द्वारा किया गया और उन्होने कहा कि खेल भावना से खेलें।

पहला मैच गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ फिजीकल एजुकेशन,दोमलगुडा और हिंदी महाविद्यालय के बीच हुआ जिसमें 21–14 से हिंदी महाविद्यालय ने जीत हासिल की, दूसरा मैच हाजी पीर मोहम्मद कालेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन और भवंस कॉलेज के बीच सम्पन्न हुआ जिसमें भवंस कॉलेज 20–16 से जीती, तीसरा मैच ए वी कालेज और लोयला अकादमी के बीच हुआ जिसमें लोयला अकादमी ने 21–09 से जीत हासिल की, चौथा मैच निज़ाम कॉलेज और यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन के बीच सम्पन्न हुआ जिसमें निज़ाम कॉलेज ने 14–08 से जीत दर्ज की।

पहले सेमी फाइनल हिंदी महाविद्यालय एवं भवंस कॉलेज के बीच सम्पन्न हुआ जिसमें हिंदी महाविद्यालय ने 27–18 से विजय प्राप्त की, दूसरा सेमी फाइनल लोयला अकादमी और निज़ाम कॉलेज के बीच सम्पन्न हुआ जिसमें लोयला अकादमी ने 18–09 से जीत हासिल की, तीसरे स्थान के लिए निज़ाम कॉलेज और भवंस कॉलेज के बीच मैच हुआ जिसमें भवंस कॉलेज ने 06–0 से जीत हासिल की और इस मैच में निज़ाम कॉलेज की टीम एक भी गोल नहीं कर पाई।

फाइनल मैच हिंदी महाविद्यालय एवं लोयला अकादमी के बीच सम्पन्न हुआ, इस रोमांचक मैच में हिंदी महाविद्यालय की टीम ने 16 गोल किए और लोयला अकादमी मात्र 13 गोल किए और हिंदी महाविद्यालय की टीम ने फाइनल मैच में जीत हासिल करके इंटर कॉलेजिएट हैंडबॉल चैंपियनशिप टूर्नमिंट में प्रथम स्थान पर रह कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। इस चैंपियनशिप में डीन, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन एवं डायरेक्टर, इंटर यूनीवर्सिटी, उस्मानिया विश्वविद्यालय ने अतिथि विशेष के रुप में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

इस टूर्नमिंट की विशेषता यह रही कि इसमें रेफरी स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ तेलंगाना से नियुक्त किए गए जिससे निष्पक्ष रूप से मैच हों और जो अच्छा खेलेगा वही जीतेगा सिद्ध हुआ एवं किसी भी खिलाड़ी ने किसी भी प्रकार के पक्षपात की शिकायत नहीं की एवं शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में चैंपियनशिप सम्पन्न हुई। इस टूर्नमिंट में आरंभ से अंत तक डॉ कृष्णा, सेक्रेटरी, इंटर कॉलेज टूर्नमिंट, उस्मानिया यूनिवर्सिटी उपस्थित रहे एवं निरीक्षण किया, उन्होने अपने संबोधन में हिंदी महाविद्यालय मैनेजमेंट द्वारा दी गई सुविधाओं की प्रशंसा की और भविष्य में भी सहयोग देने का वादा किया और विजेता टीम को ट्रॉफी जीतने पर बधाई दी और ट्रॉफी भी प्रदान की। उन्होने ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी के रुप में हिंदी महाविद्यालय के खेल विभाग के लेफ्टिनेंट आकाश थापा को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर हिन्दी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल ने हिंदी महाविद्यालय समिति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया कि उन्होने हिंदी महाविद्यालय परिसर में इंटर कॉलेजिएट हैंडबॉल चैंपियनशिप टूर्नमिंट के आयोजन के लिए सहायता एवं सहयोग दिया।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आयोजित

दिनांक 28 फरवरी को जीवविज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में श्रीमती ज्योति हस्तक, डॉ. एस.के. जायसवाल, प्रेमलता नाथानी, रीबा जायसवाल तथा लाजवंती देवी उपस्थित थे। उपरोक्त सभी प्राध्यापकों ने पूर्व में हिन्दी महाविद्यालय के विज्ञान विभाग में अपनी सेवाएँ प्रदान की हैं। कार्यक्रम में छात्रों के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं के निर्णय के लिए निर्णायक मंडल को भी आमंत्रित किया गया था, जिसमें श्रीमती वानी माधवी प्रवक्ता, रेड्डी वुमेन्स कॉलेज उपस्थित थीं।

कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में डॉ. विजय बांगड़, प्रगति महाविद्यालय, पूर्व प्राचार्य तथा डॉ. शंकरलाल बल्दवा, वनस्पति विभाग पूर्वाध्यक्ष न्यू साइंस कॉलेज, हिन्दी महाविद्यालय मानद मंत्री श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा, उपाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा, कोषाध्यक्ष श्री एस.बी. काबरा, प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल, उप-प्रचार्य श्रीमती अश्विनी सनपूरकर तथा डॉ. बी. श्रीदेवी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में छात्रों के लिए प्रतियोगिताएँ रखी गई थीं। आयोजक मंडल में मुख्य रूप में श्रीमती नीता कुलकर्णी, कुमारी लहरी, श्रीमती जी. रंगनायकी तथा कुमारी जे. पल्लवी सम्मिलित थे।

## परमवीर चक्र धारकों की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित

महाविद्यालय में दिनांक 3 मार्च को भारतभूमि पर अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले परमवीर चक्रधारी योद्धाओं को सम्मानपूर्वक याद किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल केवीएन परमेश्वर सम्माननीय अतिथि

आईएमसीटीएफ, अध्यक्ष रामरेड्डी तथा यातायात प्रशिक्षण संस्थान बेगमपेट के एसीपी शंकर राजू उपस्थित थे। समिति के मांनद मंत्री श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा, उपाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा, कोषाध्यक्ष श्री एस.बी. काबरा, प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल, उप-प्राचार्य डॉ. बी. श्रीदेवी तथा श्रीमती अश्विनी सनपूरकर उपस्थित थे।

कार्यक्रम में एनसीसी के छात्रों द्वारा परमवीर चक्रधारकों को पुष्प समर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। एनसीसी छात्रा द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया तथा एनसीसी छात्राओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए।

मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल केवीएन परमेश्वर ने वीर शहीदों की शहादत को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की। उन्होंने छात्रों को यह परामर्श दिया कि वे जब भी किसी सैनिक से मिलें तो उनसे हाथ मिलाकार उनका हालचाल पूछे और साथ ही साथ उन्होंने उन सभी परमवीर चक्रधारकों के जीवन से छात्रों को शिक्षा लेने का परामर्श दिया। सम्मानीय अतिथि आईएमसीटीएफ, अध्यक्ष रामरेड्डी ने देशभक्तों की वीरता और देशप्रेम की गाथा को सभी के समक्ष प्रस्तुत किया।

मानद मंत्री श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा ने सभी परमवीर चक्रधारकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा ने अपने वक्तव्य में सीमा पर तैनात योद्धाओं के जीवन की कठिनाइयों का उल्लेख करते हुए सभी को उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का परामर्श दिया। कोषाध्यक्ष एस.बी. काबरा ने अवसरोचित संदेश दिया। यातायात प्रशिक्षण संस्थान बेगमपेट के एसीपी शंकर राजू ने अपने वक्तव्य में यातायात के नियमों का पालन करने के लिए सभी को प्रेरित किया तथा सभी के समक्ष एक देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। हिन्दी महाविद्यालय के इतिहास में पहली बार परमवीर चक्रधारकों की स्मृति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह बड़े ही हर्ष का विषय है। कार्यक्रम का संचालन तथा आभार ज्ञापन एनसीसी की छात्राओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## महाविद्यालय की सेवाएँ सराहनीय : अस्की

19 मार्च को दक्षिण भारत में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्रदान करने वाले एकमात्र शिक्षण संस्थान हिन्दी महाविद्यालय की शिक्षा के क्षेत्र में सेवाएँ सराहनीय है। बंजारा हिल्स स्थित एकाडमिक स्टॉफ कॉलेज ऑफ इंडिया (अस्की) द्वारा ख्याति प्राप्त चुनिंदा डिग्री महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यो एवं उप-प्रधानाचार्यों का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें हिन्दी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल एवं उप-प्राचार्य श्रीमती अश्विनी संपूरकर ने हिन्दी महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। इस कार्यक्रम में हिन्दी महाविद्यालय, लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, प्रगति महाविद्यालय डिग्री कॉलेज, सेटमेरी डिग्री कॉलेज विज्ञान जयोति डिग्री कॉलेज आदि के प्रधनाचार्य एवं उप-प्रचार्यों को आमंत्रित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एकादमिक स्टॉफ कॉलेज के सी.एम.एस. डॉ. कनक राय ने की। इस कार्यक्रम में इमोशनल इटिलिजेंस एंड स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर डॉ. रवि दासरी, वी.पी. एवं हेड़ एचआर, जेस्पर इंडस्ट्रीस ने व्याख्यान दिया। इसके पश्चात कार्पोरेट पार्टनरशिप विषय पर प्रो. वेंकट के ईयनी ने अपने विचार प्रस्तुत किए एवं न्यू एज टेक्नॉलोनिक विषय पर डॉ. कनक राय ने व्याख्यान

प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित डिग्री कॉलेज के प्राचार्यों ने छात्रों में अनुशासन एवं नैतिक ज्ञान की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि सरकार को इस ओर ध्यान देते हुए पाठ्यक्रम समिति द्वारा ऐसे ही पाठ्यक्रम को तैयार करना चाहिए।

हिन्दी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज के छात्र कक्षा से ज्यादा सोशल मीडिया की आकर्षित हो रहे है, क्योंकि उनको उस पर हर प्रकार की जानकारी प्राप्त हो जाती है। छात्रों को पाठ्य पुस्तक पर ध्यान दने की ओर आकर्षित करने के लिए ओपन-बुक सिस्टम-मल्टिपले चॉयस परीक्षा पद्धति पर ध्यान देना चाहिए। तेलंगाना राज्य में पाँच महाविद्यालय का क्लस्टर बनाने के लिए हिन्दी महाविद्यालय की प्रशंसा की गई। इस अवसर पर हिन्दी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल एवं उप-प्राचार्य श्रीमती अश्विनी संपूरकर को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय को प्रगति एवं उन्नति के पथ पर अग्रसर करने के प्रयास के लिए हिन्दी महाविद्यालय समिति की भी प्रशंसा की गई।

## महाविद्यालय में मॉक छात्र-संसद संपन्न

30 मार्च को नेहरू युवा केंद्र, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं हिन्दी महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दी महाविद्यालय परिसर में छात्र-संसद संपन्न हुआ। इस कार्यकम का शुभारंभ श्री एस.एन. मिश्रा डीआईजीपी, सीआरपीएफ द्वारा ज्योति प्रज्जलन के साथ हुआ। जिसमें श्रीमती अमृता कार्पोरेटर, नल्लाकुंटा, श्रीमती ए.आर. विजया राव, स्टेट डाइरेक्टर, नेहरू युवा केंद्र, तेलंगाना, श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा, मानदमंत्री, महाविद्यालय समिति श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा पूर्व प्राचार्य एवं उपाध्यक्ष महाविद्यालय समिति, श्री एस.बी. काबरा, कोषाध्यक्ष, डॉ. अविनाश जायसवाल प्राचार्य, डॉ. मनोहरन डाइरेक्टर, आयल सीड्स डेवलपमेंट, डॉ.वी. वेंकटरमणा प्राचार्य, गर्वनमेंट डिग्री कॉलेज, चंचलगुड़ा, डॉ. रित्विक यूथ आइकान, ट्रेनर भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन सुश्री खुशबू गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट यूथ आफिसर नेहरू युवा केंद्र द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि श्री एस.एन. मिश्रा ने युवा वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि जी-20ए वाई-20 समय की मांग है और इससे युवा वर्ग को लाभांवित होना चाहिए। श्रीमती ए.आर. विजया राव ने जल संरक्षण मिल्लेटस आदि के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए। श्रीमती अमृता कार्पोरेटर, नल्लाकुंटा ने कहा कि महिलाओं के लिए कार्य करने के कारण ही मुझे लोगों ने चुना। हिन्दी महाविद्यालय समिति के मानद मंत्री श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र-संसद के संबंध में बताया।

डॉ. वेंकटरमण ने जी-20 एवं वाई-20 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. मनोहरन ने बीजारोपण एवं उसके उपयोग की जानकारी दी। डॉ. रित्विक ने अपने संबोधन में यूथ एंपावरमेंट, पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत मॉक छात्र संसद आयोजित की जिसमें प्रस्तुतिकरण के लिए छात्रों को पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में प्रतिभागियो को प्रमाण पत्र दिए गए। श्री कन्हैया कुमार एन.एस.एस. अधिकारी, श्री अनिल वालैटियर ने भाग लिया। श्री चंद्रशेखर, प्रोग्राम सुपर वाइजर नेहरू युवा केंद्र ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अतिथियों एवं हिन्दी महाविद्यालय समिति एवं प्राचार्य को सम्मानित किया गया।

# महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष एवं मानद मंत्री का चुनाव

10 अप्रैल को समिति के पदाधिकरियों के पदों में बदलाव हुआ है। वर्तमान अध्यक्ष श्री कमलनारायण अग्रवाल द्वारा अध्यक्ष पद से त्याग पत्र देने के कारण हिन्दी महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष एवं मानद मंत्री के पदों पर क्रमश: सी.ए. श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा एवं श्री शील कुमार जैन निर्वाचित हुए। श्री कमल नारायण अग्रवाल ने अपने त्याग पत्र में लिखा कि उन्होंने 50 वर्ष से अधिक हिन्दी महाविद्यालय की सेवा की है। उन्होंने कार्यकारिणी सदस्य संयुक्त मंत्री, उपाध्यक्ष एवं वर्तमान अध्यक्ष के रूप में सेवाएँ दी है। अपनी योग्यता एवं अनुभव के आधार पर महाविद्यालय को अपनी सेवाएँ प्रदत्त की है। अब उनके स्वास्थ्य के कारण वे अधिक समय नहीं दे पा रहा हूँ। अत: पद मुक्त होने का इच्छुक हूँ मुझे अध्यक्ष पद से मुक्त कर दिया जाए। उन्होंने अपने त्याग पत्र में कहा कि अनुभवी एवं कर्मठ श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा को अध्यक्ष पद पर आसीन करने से हिन्दी महाविद्यालय का चहुमुखी विकास होगा। उन्होंने अपने त्यागपत्र के माध्यम से कार्यकारिणी स्टॉफ के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। श्री कमलनारायण अग्रवाल के आग्रहानुसार श्री लक्ष्मीनिवास शर्माजी को हिन्दी महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित घोषित किया गया। युवा एवं कर्मठ समाज सेवी श्री शील कुमार जैन को मानद मंत्री के रूप में निर्वाचित एवं पदासीन किया गया। श्री शील कुमार जैन सुप्रसिद्ध समाज सेवी है। एवं उनके मार्गदर्शन में कई समाज सेवी संस्थाएँ समाजोपयोगी कार्य कर रही हैं। सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से अनुमोदन किया।

श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा ने अध्यक्ष पद पर आसीन होने के बाद कार्यकारिणी सदस्यों एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दी महाविद्यालय के सर्वागीण विकास के लिए समिति के अध्यक्ष एवं सहमंत्री को भी कुछ समितियों का निरीक्षण एवं देखभाल करना चाहिए एवं कार्यकारिणी सदस्यों को भी कुछ कमेटियों का संयोजक बनाकर कार्य को प्रगति प्रदान करनी चाहिए।

अध्यक्ष लक्ष्मीनिवास शर्मा ने इस आशय से एक रूप रेखा भी समिति के सम्मुख प्रस्तुत की। उन्होंने नैक एवं एटानॉमी टीम के समक्ष पूर्ण तैयारी से प्रस्तुतिकरण पर बल दिया। हिन्दी महाविद्यालय को सूचारू रूप से चलाने के लिए एसओपी की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि लगभग 8 एसओपी तैयार किए गए है, जिन्हें शैक्षणिक वर्ष 2023-24 से लागू किया जाएगा।

